तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार, 24 मार्च 2024

13 शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं होली



14 होली को लेकर अंचल में उत्साह चरम पर, रंग...





छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2024
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
24/03/2024
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# गुरुर ब्लॉक के वनांचल में दंतैल की दस्तक से ग्रामीणों में भय

## वन विभाग दंतैल पर रख रहा नजर, मुनादी कर ग्रामीणों को किया गया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुरुर ब्लॉक के वनांचल क्षेत्रों में एक दंतैल हाथी ने बीते रात दस्तक दिया है। जिसके कारण क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत नजर आने लगा है, क्योंकि हाथी ग्रामीण अंचल से लगे जंगल में विचरण कर रहा है। हालांकि दंतैल ने कोई जनहानि नहीं पहुंचाई है, लेकिन विचरण कर नैकुरा के एक किसान के खेत को पार कर हाथी ने धान के फसल को नुकसान पहुंचाया है। वहीं वन विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रख कोतवाल के माध्यम से मुनियादी करवाया जा रहा है और हाथी विचरण क्षेत्र में आने-जाने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है।



### शुक्रवार रात दी दस्तक

वन विभाग की माने तो हाथी शुक्रवार की रात अचानक धमतरी जिले को पार कर बालोद जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंचा है, जिसकी सतत निगरानी की जा रही है। वर्तमान समय में महुआ फूल संचय का काम जोरों पर है, जिसके लिए ज्यादातर ग्रामीण रात के अंधेरे में महुआ बीनने के लिए जाते हैं। जिसके कारण वन विभाग अधिक सतर्क है, क्योंकि अधिकांश ग्रामीणों को हाथी आने की जानकारी नहीं हो पाती है और वे जानकारी के अभाव में हाथी की चपेट में आ सकते है। इसलिए वन विभाग द्वारा हाथी विचरण क्षेत्र में मुनियादी और पेट्रोलिंग वाहन के माध्यम से वन कर्मियों की टीम निगरानी बरतने में लगी हुई है।

### इन क्षेत्रों में ज्यादा सक्रिय

वन विभाग के अनुसार दंतैल का वर्तमान लोकेशन गुरुर वन परिक्षेत्र स्थित कक्ष क्रमांक 28 विचरण क्षेत्र के आधार पर विभिन्न ग्राम धानापुरी, ओडेनाहीह, चुल्हापथरा, मंगचुवा, नगझर, गोटाटोला, करियाटोला, हितेकसा, रूपुटोला, कोसमी, नाहंदा, कपरमेटा, कोसमी से मंगचुवा पेटेचुवा, सियादेवी मंदिर, कांडे, बरही, नर्रा, नारागांव, किनारगोंदी, बरहीपारा को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

## घटना : रदेही ब्लॉक के ग्राम मोंगरी निवासी हिमेश 20 तारीख से था लापता

# बुझ गया घर का इकलौता चिराग, गुम हिमेश की लाश देख सदमे में परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक स्थित ग्राम मोंगरी में एक नाबालिक युवक की लाश नाले की रेत में दफन हालात में मिली है। मृतक की पहचान ग्राम पंचायत मोंगरी सरपंच के भतीजा हिमेश कुमार साहू के रूप में की गई जो कि 20 मार्च से लापता था। पुलिस ने मामले में दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। वहीं मर्ग कायम कर शव पीएम पश्चात परिजनों को सौंप दी है।

पुलिस सूत्रों की माने तो मृतक हिमेश कुमार साहू 20 तारीख से लापता था, जिसकी गुमशुदगी की शिकायत थाने में की गई थी। परिजनों के अनुसार मृतक बुधवार को सांकरी बाजार घूमने गया था। इसके बाद वह गांव लौटा और अपने दोस्तों के साथ गांव में ही घूम रहा था। मगर देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरु की और थक-हाकर मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई थी।

शनिवार सुबह एक किसान जब खेत गया तो उसे बदबू का अहसास हुआ उसने पास जाकर देखा तो रेत में एक सड़ा-गला हाथ बाहर निकला हुआ था। गांव पहुंचकर उसने इसकी सूचना अन्य ग्रामीणों व पुलिस को दी। सूचना मिलते ही गुण्डरदेही पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को बाहर निकलवाया। तब मृतक की पहचान हिमेश कुमार साहू के रूप की गई। पुलिस ने मौके से जाली तार के कुछ अवशेष बरामद किया है, आशंका है कि तार से ही गला दबाकर हत्या की गई होगी।



### जल्द होगा खुलासा : एसपी भगत

इस हत्याकांड को लेकर एसपी आरएस भगत ने बताया की ग्राम मोंगरी से गुम हिमेश की लाश मिली है।नाबालिक युवक हिमेश 20 तारीख से घर से लापता था, जिसकी गुमशुदा की रिपोर्ट 21 तारीख को दर्ज कर पुलिस खोजबीन में जुटी हुई थी। इस दरमियान ग्राम मोंगरी से लगभग 1 किलोमीटर दूर नाला में रेत मे दफन डेडबाड़ी का हाथ दिखाई दे रहा था और लाश से बदबू भी आ रही थी, जिसकी सूचना खेत गए ग्रामीण के द्वारा गुण्डरदेही पुलिस को दी गईं। जिसकी सूचना मिलते ही एडिसनल एसपी, डॉग स्कॉयड, क्राइम विभाग, फॉरेनसिक और राजस्व विभाग मौके पर पहुँचे और दफन लाश को बाहर निकाला गया, जिसके बाद युवक की पहचान हिमेश कुमार साहू के रूप में की गईं और लाश को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, वहीं संदेहियों से पूछताछ की जा रही है।

### पढ़ाई में तेज था हिमेश

परिजनों के अनुसार मृतक हिमेश पढ़ाई में तेज था। वर्तमान में स्वामी आत्मानंद स्कूल लाटाबोड़ में 11वीं में गणित विषय लेकर पढ़ाई कर रहा था, जिसके कारण द्वेष की भावना से हत्या की आशंका जताई जा रही है। वहीं ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक किसी लड़की से मोबाइल पर बात करता था, जिसके कारण पुलिस द्वेष की भावना और प्रेम प्रसंग जैसे दो प्रमुख कारणों को आधार मानकर हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

### दो संदेही हिरासत में

पुलिस ने लाश को बाहर निकालने से पहले घटना क्षेत्र को सुरक्षित कर डॉग स्कॉयड, क्राइम विंग, फॉरेनसिक टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर मृतक युवक के मोबाइल और उनके अन्य दोस्तों के मोबाइल के माध्यम से सबूत ढूँढ़ने का प्रयास कर रही है, हालांकि मृतक युवक के साथ देर शाम नजर आने वाले दो संदेही को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है। वहीं मृतक युवक अपने मां-बाप का एकलौता बेटा था, वहीं मृतक की एक छोटी बहन भी है जो पढ़ाई कर रही है। बेटे की मौत से परिजनों के साथ ही ग्रामीण बहुत ज्यादा सकते में है।

# विवाह के पूर्व युवती ने किया आत्मदाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

ग्राम कुरदी में रावटे परिवार में परिजन अपनी लाडली तामेश्वरी की शादी की तैयारी कर रहे थे। परिजनों ने शादी का कार्ड भी बाटना आरंभ कर दिया था, उधर तामेशशवरी ने कैरोसिन डालकर अपने आप को आग के हवाले कर लिया। घटना के दौरान उनका बड़ा भाई और मां मजदूरी करने के लिए गये हुए थे। घर में कोई नहीं होने के कारण युवती ने वारदात को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन्दा क्षेत्र कुरदी गांव में तामेश्वरी रावटे के पिता की मौत के बाद वह अपने बड़े भाई और मां के साथ अपनी नानी गांव में रहती थी। तामेश्वरी की शादी अप्रै माह की 15 तारीख से शुरू होना था। इसी बीच शनिवार को दोपहर 11 से 12 बजे के बीच तामेश्वरी ने अपने शरीर पर मिट्टी तेल डालकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि शरीर में आग लगने के बाद जब युवती चिल्लाने लगी तो आसपास के लोगों ने उनके घर जाकर देखा। तब तक युवती आग से बुरी तरह झुलस चुकी थी। जिसके बाद उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



■ अज्ञात कारणों से उठाया आत्मघाती कदम, पुलिस जांच में जुटी

**भाई और मां गए थे मजदूरी करने** – जानकारी के मुताबिक जिस समय तामेश्वरी ने घटना को अंजाम दिया उस समय घर पर कोई नहीं था। मृतिका की मां खेती काम करने के लिए दूसरे गांव गई हुई थी, तो वहीं उनका बड़ा भाई मनरेगा काम करने के लिए गया हुआ था। शादी से पहले उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। अर्जुन्दा पुलिस पुरे मामले की जांच में जुट गई है।

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने खेली होली

**गुरूर।** मयूर पब्लिक स्कूल कुम्हारखान में होली मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा श्री कृष्ण की वंदना कर एवं होली पर्व का जमकर आनंद लिया। इस दौरान कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के सभी बच्चे रंग-बिरंगी वेशभूशा में नजर आए। स्कूल में होली मिलन के माध्यम से बच्चे आपस में प्रेम भावना को जागृत किया गया। संस्था के प्राचार्य मोती लाल साहू ने बच्चों को होली के बारे में संदेश दिया कि यह त्यौहार प्रेम का त्यौहार है। इस दौरान संस्था संचालक हेमलता साहू, प्राचार्य मोतीलाल साहू, जयंती यादव, वंदना यादव, मोना साहू, नीलम, भेमेश्वरी, धनेश्वरी उपस्थित थी।

### खुटेरी में 26 से बहेगी श्रीराम नाम की अविरल धारा

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत खुटेरी अचौद में सभी ग्रामवासी के सहयोग से 26 मार्च से 2 अप्रैल तक सात दिवसीय भक्ति एवं झांकीमयी रामनाम सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में करीब 19 मंडलियां अपनी प्रस्तुति देगी। रामनाम सप्ताह का शुभारंभ मंगलवार को शाम 4 बजे से होगा। दूसरे दिवस 27 मार्च से प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक झांकीमयी रामनाम सप्ताह की प्रस्तुति होगी। समिति के सचिव लिकेश्वर साहू ने बताया कि गांव में सुख-समृद्धि की कामना के लिए प्रति वर्ष होली त्यौहार पश्चात यहां रामनाम सप्ताह का आयोजन किया जाता है और लगातार 76 वर्षों से इस गांव में यह आयोजन जारी है।

### नाले के पास युवक की नग्न हालत में मिली लाश

**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बालोद-पड़कीभाट बाईपास मार्ग में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश नग्न अवस्था में मिली थी। मृतक की पहचान दल्लीराजहरा निवासी के रूप में की गईं है। मृतक व्यक्ति की लाश हनुमान मंदिर से लगे नाली में नग्न अवस्था में मिला था, जिसके पश्चात उसकी सूचना कोतवाली थाने को दी गईं। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके में पहुंच पंचनामा ▶▶|शेष पेज 13 पर

# महादेव सट्टा एप से जुड़े अपहरण के तार मास्टरमाइंड सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडीलोहारा

सगाई कार्यक्रम में आए युवक के अपहरण के 9 आरोपियों में से 6 को पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, तीन अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है। यह मामला महादेव सट्टा में लाखों रूपये जीतने के बाद मिली राशि से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय युवक निखिल के अपहरण का मुख्य आरोपी प्रशांत खरांशु है, जो कि निखिल का रिश्तेदार है।

■ पुलिस के हत्थे चढ़े निखिल अपहरण कांड के आरोपी, 3 की तलाश जारी



पुलिस के अनुसार लगभग साल भर पहले उसने महादेव सट्टा से लगभग 2 लाख 30 हजार रुपए जीते थे, जिसे निखिल के खाते में डाल दिया था, लेकिन निखिल वह रूपए वापस नहीं कर रहा था। प्रशांत ने सट्टे की रकम वापस नहीं करने पर निखिल का अपरहण करने की योजना बनाई और अपने दोस्तों के साथ मिलकर निखिल का अपहरण कर लिया। अपहरण करने के बाद आरोपियों ने निखिल को राजनांदगांव के पास एक खंडहर में बंधक बनाकर रखा हुआ था। डौंडीलोहारा पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम जब आरोपियों को ढूंढते हुए खंडहर वाली जगह पर पहुंची, तो वहां निखिल के साथ दो आरोपी मौजूद थे, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अन्य चार आरोपियों को ▶▶|शेष पेज 13 पर

# स्कूली वाहन को हाईवा ने ठोका शिक्षिका व आधा दर्जन बच्चे गंभीर

## प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को राजनांदगांव किया गया रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

भरदाकला गांव में स्कूली बच्चों से भरी मैजिक वाहन को रेत से भरे हाईवा ने ठोकर मार दी। जिसके बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना में शिक्षिका सहित 16 बच्चे जख्मी हो गये तो वहीं दो बच्चों की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिन्हें मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सुमन पब्लिक स्कूल भरदाकला से पहली से पांचवी कक्षा में पढ़ने वाले 16 बच्चों को एक शिक्षिका और स्कूल वाहन चालक घर छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान स्कूल से लगभग 300 मीटर दूर स्कूल वेन एक बच्चे को छोड़ने के लिए रूकी। तभी गुण्डरदेही की ओर से राजनांदगांव की ओर जा रही हाईवा स्कूली वाहन को ठोकर मार दी। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। आनन-फानन में घायल हुए 10 छात्र को भरदाकला शासकीय अस्पताल और शिक्षिका सहित 5 छात्रों को अर्जुन्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। घटना में घायल भरदाकला अस्पताल में भर्ती दो छात्रों की स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया। जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं अर्जुन्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती शिक्षिका सहित 2 छात्रों को भी रेफर किया गया। घटना को अंजाम देने के बाद हाईवा चालक मौके से फरार हो गया। लेकिन एक घंटे बाद ▶▶|शेष पेज 13 पर





### पाररास में 27 को फाग स्पर्धा

**बालोद।** नगर के वार्ड क्रमांक 20 पाररास में होली त्यौहार के अवसर पर 27 मार्च को एक दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेश के अलग-अलग स्थानों से चयनित झांकी युक्त फाग मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2501 रूपये व तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये रखा गया है। इसके अलावा बेस्ट वेशभूषा, बेस्ट झांकी, बेस्ट नंगाड़ा वादन, बेस्ट गायन करने वाले टीमों को विशेष पुरस्कार दिया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ ▶▶|शेष पेज 13 पर

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## बाजारों में रंग-गुलाल, पिचकारियों की खूब हो रही बिक्री

# आज जगह-जगह करेंगे होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आज रात शुभ मुहूर्त पर जिले भर में होलिका दहन किया जाएगा, वहीं कल रंगोत्सव की धूम रहेगी। बाजारों में रंग-गुलाल, पिचकारियों की बिक्री खूब हो रही है। आज भी खरीददारी करने लोगों की भीड़ विभिन्न बाजारों में रहेगी। आज देर शाम से लेकर होलिका दहन के समय तक गांव से लेकर शहर के गली-मोहल्लों में होली की लकड़ी होली में जाए.. के उद्घोष के साथ लकड़ियां एकत्र किया जाएगा, जिसे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया जाएगा।





**हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की नजर-** इस बार धारा 144 तथा आदर्श आचार संहिता के बीच होली त्यौहार धूमधाम से मनाई जाएगी। आचार संहिता के चलते प्रशासन के कई कड़े नियम लोगों के उत्साह को कम कर दिया है, न तो डीजे बजाने की अनुमति है और न ही एक जगह झुंड में नाच गाना करने तथा बाइक में तीन सवारी बैठकर सफर करने पर भी कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। इसी के साथ ही पुलिस बल की तैनाती जगह-जगह होगी, जो हुड़दंगियों पर नजर रखेंगे और अशांति फैलाने पर कार्यवाही की जाएगी। होली त्यौहार में शराब की खूब बिक्री हो रही है, सोमवार को होली के दिन शराब दुकान बंद रहेगी। ऐसे में लोग शनिवार को शराब की खरीदी खूब कर रहे हैं। शराब प्रेमी अपने क्षमता अनुसार शराब की खरीदी कर रहे हैं, तो वहीं शराब की अवैध बिक्री करने वाले कोचिये भारी मात्र में शराब की खरीदी कर अपने गुप्त ठिकानों में जमा कर रख रहे हैं, जिसे गांव-गांव में खपाने और शराब प्रेमीयों को 50 से 120 रुपये बढ़ाकर अधिक दामों में बेचेंगे।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
• एक्सीडेंट
• जहर का सेवन
• लीवर फेलयर
• किडनी फेलयर
• हार्ट अटैक
• ब्रेन हेमरेज
• पीलिया • लकवा
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
• गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
• नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

खबर संक्षेप

## सीएम साय को भेंट की मोदी मैजिक पुस्तक



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अमित चिमनानी ने अपनी लिखित पुस्तक मोदी मैजिक भेंट की। इस अवसर पर सीएम श्री साय ने कहा कि भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सीए अमित चिमनानी की किताब मोदी मैजिक के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रदान करता हूं। निश्चित ही यह किताब जनमानस तक पहुंचकर पीएम मोदी के जनकल्याणकारी कार्यों को तथ्यों एवं आंकड़ों के साथ समझने में एक श्रृंखला का कार्य करेगी।

## व्यापारी संघ के सदस्यों ने किया भाजपा प्रवेश



रायपुर। कांग्रेस नेता अमर गिदवानी एवं तेजकुमार बजाज के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के समक्ष कटोरा तालाब व्यापारी संघ, पूज्य सिंधी पंचायत कटोरा तालाब, उत्तर-दक्षिण विधानसभा एवं गोदड़ीधाम के लगभग 100 पदाधिकारियों ने भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान रमेश कलश, सुरेश सहगल, विजय नागवानी, सर्वजीत सिंह चंढोक, लवली भाटिया, रितेश जसवानी, अक्षय सहगल, विवेक, अभिषेक बजाज, गगनदीप सिंह कोहली, जसप्रीत सिंह कोहली, राजकुमार पंजवानी, रवि पंजवानी, नरेश लहरवानी, सुरेश टहिल्यानी, पीयूष कोडवानी, विजय कोडवानी, वासु जोतवानी, महेश हरजानी, सुनील काशवानी, रॉकी काशवानी, जय पंजवानी, साहिल राजपूत, विक्की माखीजानी, राजू किंगरानी, कमल खूबचंदानी, राज बजाज, भावेश, नरेश परयानी आदि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## मिष्ठान भंडार में गंदगी 7 हजार जुर्माना

रायपुर। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने जन शिकायत के आधार पर मालवीय रोड स्थित गुजराती मिष्ठान भंडार में सफाई का जायजा लिया। इस दौरान मिष्ठान भंडार में अपना आउटलेट नहीं बनवाने, हॉटल में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। यही नहीं, हॉटल का मलबा नाली में डाला जा रहा था। जन शिकायत सही मिलने पर संचालक को चेतावनी देते हुए 7 हजार रुपए जुर्माना करने निर्देश दिये। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोन 3 के काली माता वार्ड और पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड के क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया।

## निर्माण सामग्री जब्त

रायपुर। नगर निगम जोन 1 ने वीर शिवाजी वार्ड में खमतराई मुख्य मार्ग का प्रत्यक्ष किया। इस दौरान सड़क पर निर्माणाधीन भवन के सामने भवन निर्माण सामग्री रेत, गिट्टी रखी पायी गयी। जोन कमिश्नर हितेश यादव के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर की टीम ने भवन स्वामी भगतराम देवांगन से 1,000 रुपये सड़क बाधा शुल्क वसूला। सड़क पर रखी निर्माण सामग्री को जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क से जब्त किया गया।

# समाज कल्याण एवं मत्स्य पालन के दफ्तर में 15 कर्मचारी मिले अनुपस्थित, सभी को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला कलेक्टर गौरव सिंह के औचक निरीक्षण से जिले के विभिन्न विभागों के दफ्तरों में पदस्थ कर्मचारियों के ड्यूटी से गायब रहने एवं घंटों विलंब से आने की पोल खुलने लगी है। कलेक्टर ने शुक्रवार को सुबह 10.25 से 11.40 बजे के बीच कलेक्टोरेट परिसर स्थित समाज कल्याण और तेलीबांधा स्थित उप संचालक मत्स्य पालन विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान इन दोनों कार्यालयों में 15 कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इससे एक दिन पूर्व भी कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कृषि, खाद्य, आबकारी, भू-अभिलेख, आदिवासी विकास आदि कार्यालयों का भी निरीक्षण करते हुए 127 कर्मचारियों को कार्यालयों में अनुपस्थित पाए जाने पर नोटिस जारी कराया है।

जिले में एक ओर जहां लोकसभा चुनाव की तैयारियां चल रही है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न विभागों के कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों का अपने ड्यूटी के प्रति लापरवाही एवं मनमानी देखी जा रही है। कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के कभी भी छुट्टी ले लेते हैं, वहीं कई कर्मचारी घंटों विलंब से ड्यूटी पर पहुंच रहे हैं। इसके कारण इन विभागों में जहां कामकाज प्रभावित हो रहा है, वहीं आम लोगों को भी अपने काम के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### कलेक्टर गौरव सिंह ने किया औचक निरीक्षण




### 15 कर्मचारियों का कटेगा एक दिन का वेतन

कलेक्टर ने जिले के विभिन्न विभागों के कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति एवं समय पर पहुंच रहे है या नहीं इसकी जांच करने सुबह साढ़े दस बजे औचक निरीक्षण कर रहे है। निरीक्षण के दूसरे दिन वे सुबह 10.25 मिनट पर कलेक्टोरेट परिसर स्थित समाज कल्याण कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति देखी। कार्यालय में उस समय तक 8 कर्मचारी पहुंचे ही नहीं थे। इसके बाद कलेक्टर ने तेलीबांधा स्थित उपसंचालक मत्स्य पालन विभाग के कार्यालय पहुंचे। यहां वे करीब 10.40 मिनट पर पहुंचे। यहां भी 7 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का असाधारण अवकाश घोषित कर एक दिन का वेतन काटने के लिए निर्देश वित्त शाखा को दिए।

### आहरण संवितरण अधिकारी बिलों में करेंगे डिजिटल हस्ताक्षर

# कोषालयों में सरकारी विभागों के सभी बिलों को दी जाएगी ऑनलाइन मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी कोषालयों में अधिकारी-कर्मचारियों के सैलरी बिल के साथ अन्य बिलों को भी अब ई-कोष के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृति दी जाएगी, इसके लिए तैयारियां वित्त विभाग द्वारा शुरू कर दी गई हैं। सभी विभागों के आहरण संवितरण अधिकारियों को कोषालय में ऑनलाइन बिल भेजने के लिए डिजिटल सिग्नेचर की सुविधा भी दी जा रही है। बिलों की मंजूरी की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से कामकाज आसान होगा, साथ ही बिलों की स्वीकृति तेजी से मिलेगी।

राज्य के सभी कोषालयों में वर्तमान में शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के सैलरी बिल की स्वीकृति के लिए ऑनलाइन सॉफ्टवेयर ई-कोष का इस्तेमाल किया जा रहा है, साथ ही विभागों के माध्यम से बिलों की हार्डकॉपी भी आहरण संवितरण अधिकारियों के हस्ताक्षर के बाद कोषालयों में जमा किए जा रहे हैं। कोषालयों में बिलों की आहरण की अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने के बाद विभागों को बिलों की हार्डकॉपी कोषालयों में जमा करने की जरूरत नहीं होगी।



### सीएजी को भेजेंगे ऑनलाइन प्रतिवेदन

सैलरी के अलावा अन्य बिलों को भी ऑनलाइन स्वीकृति के लिए संचालनालय कोष लेखा द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। ई-कोष के लिए महालेखाकार कार्यालय में अलग से सर्वर भी स्थापित किया गया है। बिलों की ऑनलाईन मंजूरी प्रक्रिया के लिए वित्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर संचालन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया है। संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा भी महालेखाकार को भेजा जाने वाले सभी प्रतिवेदन ऑनलाइन भेजे जाएंगे, इसके लिए अलग से सॉफ्टवेयर विकसित किए गए हैं।

### बार-बार कोषालय जाने की जरूरत नहीं

संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि बिलों के आहरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होने के बाद कोषालयों में बिलों की मंजूरी इसी प्रकार बिलों में आपत्ति लगाने जैसे काम भी ऑनलाईन होंगे। बिलों पर लगाई गई आपत्तियों का निराकरण भी ऑनलाईन होगा। इससे विभागों के कर्मचारियों को बार-बार कोषालय जाने की जरूरत भी नहीं रहेगी।

### वित्त सचिव ने दिए ये निर्देश

वित्त विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने आज इंद्रावती भवन स्थित कोष एवं लेखा संचालनालय में ई-कोष साफ्टवेयर के विभिन्न माड्यूल के संबंध में पूरी जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें कोषालय में बिल पासिंग की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। श्री कुमार ने संचालक, कोष एवं लेखा को कोषालयों में पेपर लेस कार्य एक जुलाई 2024 से प्रारंभ किये जाने हेतु आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए। इस दौरान पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम और सिंगल नोडल एजेंसी के संबंध में पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर संचालक (बजट) शारदा वर्मा, संचालक, कोष एवं लेखा महादेव कावरे, संचालक संस्थागत वित्त शीतल शाश्वत वर्मा, वित्त नियंत्रक तिलक सोरी, अखिलेश्वर सिंह, अपर संचालक ई-कोष, अल्पना घोष, अपर संचालक संस्थागत वित्त अमितेश सिंह, उप सचिव (वित्त) ऋषभ पाराशर और पीएल साहरा वरिष्ठ कोषालय अधिकारी उपस्थित थे।

20 मार्च को लिये सैंपल, होली के पहले आ सकती है रिपोर्ट

# एक ही दिन में शहर के 12 बोर के 20 नमूने कलेक्ट







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के फिल्टर प्लांट ने दो दिन पूर्व डेढ़ दर्जन से ज्यादा स्थानों पर अलग-अलग वार्डों में लगाये सार्वजनिक स्थानों के 12 बोरवेल के पानी की गुणवत्ता जांचने 20 सैंपल कलेक्ट किये। इन पानी के नमूनों की निगम के प्रयोगशाला में जांच कर होली के पूर्व रिपोर्ट आएगी। इसके साथ ही शहर के कुछ पावरपंपों से पानी के सैंपल भी जांच के लिए एकत्र किये गये हैं।

पेयजल स्त्रोतों के पानी की गुणवत्ता जांच के लिए नगर निगम रूटीन जांच के साथ ही जलसंकट संभावित क्षेत्रों के सार्वजनिक हैंडपंप और पावर पंपों से पानी के सैंपल लेकर उसकी जांच करा रहा है। जांच रिपोर्ट में हैवी बैक्टीरिया मिलने पर इसे केवल निस्तारी कार्य के लिए चिन्हांकित किया जायेगा। पीने के लिए संबंधित बोरवेल के उपयोग की मनाही सुनिश्चित की जायेगी। अधिकारियों का कहना है, सार्वजनिक हैंडपंप में 2400 एमपीएन बैक्टीरिया को हैवी बैक्टीरिया माना गया है, जबकि 100 से 400 एमपीएन बैक्टीरिया जांच रिपोर्ट में मिलने पर उसका केमिकल डालकर जल शुद्धिकरण करते उपयोग लायक बनाया जा सकता है।

### इन इलाकों के लिए सैंपल

गभरापारा, पुजारी नगर, दुर्गा चौक, नयापारा, समलेश्वरी नगर , तेलीबांधा इलाके में स्थित देवार डेरा।

**जोन 9 :** विद्याचरण शुक्ल वार्ड स्थित ब्रम्हदेव नगर, सूरज नगर, बजरंग चौक, जोन 3 क्षेत्र स्थित विनोबा भावे नगर।

### हर 15 दिन में फिल्टर प्लांट के पानी की जांच

शहरवासियों तक नगर निगम की अलग-अलग पानी टंकियों से रोजाना नलों में होने वाली जल आपूर्ति की जांच के लिए फिल्टर प्लांट के पानी की गुणवत्ता परखने राज्य स्तरीय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी प्रयोगशाला में पानी की जांच कराई जाती है। यह जांच हर 15 दिन में प्लांट की टेस्टिंग के दौरान कराई जाती है।

# आदिवासी विकास दफ्तर में टला बड़ा हादसा छुट्टी के दिन गिरा फॉल्स सीलिंग का बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट की तीन मंजिला बिल्डिंग में संचालित आदिवासी विकास विभाग के दफ्तर में बड़ा हादसे होते-होते टल गया। इस दफ्तर के कमरों में लकड़ी बोर्ड की फॉल्स सीलिंग लगी हुई है। इनमें एक कमरे की फॉल्स सीलिंग का एक बड़ा बोर्ड अचानक टूटकर गिर गया। बोर्ड सीधे टेबल पर जा गिरा, जिससे टेबल पर रखा करीब 6 से 8 एमएम मोटा कांच के कई टुकड़े हो गए। यह हादसा अवकाश के दिन हुआ है, इसलिए हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। अगर यह हादसा दफ्तर के खुले होने के दौरान होता, तो इससे अधिकारी-कर्मचारी हताहत भी हो सकते थे।

आदिवासी विकास विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना 16 मार्च शनिवार के दोपहर करीब 12 बजे की है। इस दिन शासकीय अवकाश था। सूत्रों ने बताया कि जिस कमरे की फाल्स सीलिंग का बोर्ड गिरा है, उस कमरे में अक्सर नर्सिंग के अधिकारी छात्रवृत्ति के आवेदनों की जांच करते हैं। इस कमरे में मोटा कांच लगा एक बड़ा टेबल रखा हुआ है। अधिकारी इस टेबल पर ही काम करते हैं। दफ्तर के अन्य स्टॉफ भी इस कमरे में आते-जाते रहते हैं। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को छुट्टी के दिन भी नर्सिंग के अधिकारी छात्रवृत्ति के आवेदनों की जांच करने के लिए यहां आने वाले थे, लेकिन किसी कारण से बाद में आना कैंसिल कर दिया।



### बिल्डिंग हो चुकी जर्जर

तीन मंजिला कलेक्टोरेट बिल्डिंग के चारों तरफ का बाहरी हिस्सा जर्जर हो गया है। बिल्डिंग के मुख्य गेट के सामने और टाउन हाल की ओर के कई हिस्सों के छज्जें जर्जर होकर टूटकर गिर भी चुके हैं।

### दो माह पहले गिरा था बरामदे के छज्जे का प्लास्टर

करीब दो माह पहले इसी बिल्डिंग की दूसरी मंजिल में खनिज विभाग के दफ्तर के पास बरामदे में छज्जे का बड़ा स्लैब गिरा था। यह हादसा कलेक्टर के खनिज विभाग के दफ्तर का निरीक्षण करने के करीब 3 घंटे बाद हुआ था।

### दूसरे कमरों के फॉल्स सीलिंग भी लटक रहे

इस दफ्तर के अन्य कमरों में भी फॉल्स सीलिंग लगी है, जिनका सालों से मेंटनेंस नहीं हो पाया है। इसके कारण इन कमरों के फॉल्स सीलिंग के बोर्ड भी कई जगह से लटकने लगे हैं। इसके कारण इनमें से कई बोर्ड कभी भी गिर सकते हैं, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है।

### खबर का असर : कृषि विभाग के जर्जर कमरे को कराया गया खाली

हरिभूमि ने कृषि विभाग के पूरी तरह जर्जर हो चुके एक कमरे की खबर प्रकाशित की थी। इस कमरे में करीब 8 कर्मचारियों का स्टॉफ बैठता है। कमरे का छज्जा पूरी तरह से जर्जर होने के कारण उसके स्लैब गिर चुके हैं। यह स्लैब भी अवकाश के दिन गिरे थे, इसलिए इस हादसे में भी कर्मचारी बाल-बाल बच गए थे। इस खबर का असर अब देखने को मिला है। विभाग के अधिकारी ने कर्मचारियों की जान की परवाह करते हुए कमरे को खाली करा कर कर्मचारियों को दूसरों कमरों में शिफ्ट करा दिया है। विभाग ने इस कमरे के रेनोवेशन के लिए पांच लाख रुपए का प्रस्ताव भी प्रशासन को भेजा है।

# प्रापर्टी डीलर के कब्जे से इटालियन मेड पिस्टल, कारतूस जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दो वर्ष पूर्व बिहार के युवक से खरीदी थी पिस्टल

पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने एक प्रापर्टी डीलर के कब्जे से इटालियन मेड 7.65 एमएम पिस्टल के साथ जिंदा कारतूस जब्त किया है। पकड़े गए प्रापर्टी डीलर के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल कर दिया है। प्रापर्टी डीलर को पुलिस ने लोगों की शिकायत पर गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक अवैध रूप से पिस्टल रखने के आरोप में पुलिस ने ब्रम्हपुरी निवासी अभिजीत पोद्दार उर्फ ठोकुन दादा को गिरफ्तार किया है। अभिजीत पर आरोप है कि वह अपने क्षेत्र में लोगों को पिस्टल दिखाकर धमका रहा है। इसके बाद पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर अभिजीत के घर की तलाशी लेने के बाद पिस्टल के साथ चार जिंदा कारतूस जब्त किया। पूछताछ में अभिजीत ने पुलिस को बताया है कि कोविड के समय उसे बिहार का एक युवक मिला। बिहार के युवक ने अभिजीत से कहा कि आप प्रापर्टी खरीदी-बिक्री का काम करते हैं, इसके कारण आपको नकदी रकम लाना ले जाना पड़ता है। सुरक्षा के लिए बिहार के उस युवक ने अभिजीत को पिस्टल रखने की सलाह देते हुए अपने पास रखे पिस्टल को सात हजार रुपए में बेचा।



## दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी सड़क पर उतरी 'आप'

रायपुर। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी सड़क पर उतर आई है। देशभर में जारी विरोध-प्रदर्शन के सिलसिलों में छत्तीसगढ़ में भी इसका विरोध करते हुए आप ने प्रदर्शन किया। रायपुर में आंबेडकर चौक पर पार्टी ने प्रदर्शन करते हुए मोदी सरकार और ईडी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश महासचिव बदूद आलम, प्रदेश प्रवक्ता सूरज उपाध्याय, प्रदेश सचिव देवलाल नरेठी, उत्तम जायसवाल, प्रियंका शुक्ला, प्रदेश कोषाध्यक्ष जसबीर सिंह ने कहा, दो साल में सैकड़ों बार रेड की जा चुकी है। डेढ़ हजार अफसरों की टीम लगी, लेकिन 5 रुपए भी बरामद नहीं हुए। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि केंद्र सरकार विपक्ष को पूरी तरह से खत्म करने के लिए ये हथकंडे अपना रही है।

# लापरवाह वाहन चालक को ड्राइविंग के गुर सिखाने 'यातायात की पाठशाला'




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लापरवाह वाहन चालकों को ट्रैक पर लाने ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चलाकर ट्रैफिक सिस्टम को सुधारने का काम करती रही है। एसएसपी के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ट्रैक पर लाने तथा ट्रैफिक नियम का पालन कराने शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात की पाठशाला लगाकर ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी देने के साथ संकल्प पत्र भरवाया जा रहा है। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित व सुरक्षित बनाने वाहन चालकों में जागरूकता जरूरी है। ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों की प्रमुख चौराहों पर यातायात की पाठशाला लगाई जा रही है। यातायात की पाठशाला में प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा चौराहों पर ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को रोककर नियमों की जानकारी तथा पालन करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### सख्ती के साथ जागरूकता जरूरी

अफसर के अनुसार ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमित चालानी कार्रवाई ट्रैफिक पुलिस कर रही है। इसी क्रम में यातायात नियमों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए नया तरीका निकाला गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शास्त्री चौक, मरीन ड्राइव तथा रेलवे स्टेशन चौक पर यातायात की पाठशाला कार्यक्रम का एसएसपी ने शुभारंभ किया।

# प्रतिबंध के बावजूद बाजार में बिक रहा होली मुखौटा



रायपुर। होली में मुखौटा की बिक्री और पहनना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद राजधानी रायपुर के बाजार में कई थोक एवं चिल्हर दुकानों में मुखौटा बिक रहा है। इन दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करना तो दूर, इन दुकानों की पड़ताल तक नहीं की जा रही है। इसके कारण प्रतिबंधित मुखौटों की शहर में धड़ल्ले से बिक्री हो रही है।

शहर के उरला क्षेत्र में होली की कई चिल्हर दुकानें सजी हुई है। इन दुकानों में एक दुकान में मुखौटा बेचा जा रहा था। पुलिस ने इस दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दुकान से बड़ी मात्रा में मुखौटा जब्त किया है।

पुलिस ने दुकानदार को हिदायत भी दी कि दोबारा मुखौटा बेचते मिला तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्रीय संयुक्त सचिव पहुंचीं हमर लैब व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव आराधना पटनायक ने जिला अस्पताल में संचालित हमर लैब का भ्रमण कर वहां की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बीते वर्ष में 90 लाख से ज्यादा टेस्ट किए जाने की जानकारी पर उन्होंने हमर लैब के स्टाफ को शाबाशी दी।

संयुक्त सचिव ने शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान पंजीयन, सैंपल कलेक्शन काउंटर, आयुष्मान कक्ष, कियोस्क एवं सहायता केंद्र, बैक्टिरियोलॉजी लैब, हिमैटोलॉजी लैब, कल्चर कक्ष और कोल्ड कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हे जानकारी दी गई कि लैब में 120 तरह के जांच की सुविधा है।

यहां बीते वर्ष वर्ष-2023 में 90 लाख 57 हजार 888 मरीजों के टेस्ट किए गए हैं। वर्ष-2022 में यह संख्या 51 लाख 85 हजार 309 थी। इस दौरान उन्होंने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना के निरीक्षण के दौरान मरीजों के लिए प्रचलित टोकन सिस्टम के बारे में पूछा। उन्होंने खुद टोकन डिस्पेंसर से टोकन निकालकर देखा और रोजाना ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या की जानकारी ली। टीकाकरण कक्ष, ड्रेसिंग रूम, महिला वॉर्ड, लेबर रूम और फॉर्मेसी का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. एसके पामभोई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन एसके भंडारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रभारी राज्य कार्यक्रम प्रबंधक आनंद साहू मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### घीना स्कूल में हुआ होली मिलन

**बालोद।** शासकीय हाई स्कूल घीना में होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्कूल के स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने उल्लासपूर्वक होली पर्व का मजा लिया। गुलाल व नगाड़ो के गूंजन में सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाया और होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्राचार्य एमएल. ठाकुर, समाज सेवी डालचंद जैन व पूर्व एसएमडीसी. अध्यक्ष नरेंद्र निषाद, रूपसिंह रावटे आदि मौजूद थे।

### नशीली दवा के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे का दवा बेचने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर ट्रेनी सीएसपी चिराग जैन के नेतृत्व में टीम बनाई गई। पुलिस ने जिम पार्क नेहरू नगर भिलाई में टेस्ट परचेज करते हुए नशे की दवा बेचने वाला हार्डवेयर लाइन सुपेला निवासी अरविंद साहू को कैरीस्पास कैप्सूल के साथ धरा गया। आरोपी बैठकर ग्राहक की तलाश कर रहा था। जप्त सामानों की कीमत 27 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी से 2200 कैप्सूल जब्त किया है। औषधि निरीक्षक ब्रजराज सिंह और चंद्रकला ठाकुर ने आरोपी से ड्रग लाइसेंस समेत दवाओं का दस्तावेज दिखाने को कहा लेकिन आरोपी दिखा नहीं पाया। आरोपी ने बताया कि लोग इस दवा का सेवन नशे या मानसिक स्थिति को बदले के लिए करते हैं।

### शिक्षिकाओं का सम्मान और विदाई समारोह आयोजित

**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हली में 17 वर्षो से सेवारत दो शिक्षिका लीना ठाकुर एवं आरती सिंह उच्च वर्ग शिक्षक पर पदोन्नत हुए। शिक्षिकाओं को सम्मान समारोह आयोजित कर बिदाई दिया गया। मिडिल हेडमास्टर प्रभा सिंह ने कहा कि विदाई भावुक पल होती है लेकिन उज्ज्वल भविष्य की राह खुशी का पल भी है। ऐसे पल में आखों का नम होना स्वाभाविक है।

# टीएंडडी के ठेका लोको ऑपरेटरों को मिले अति कुशल श्रमिक का वेतन

## स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की बैठक में मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने बीएसपी प्रबंधन से टीएंडटी विभाग के ठेका लोको आपरेटरों को अति कुशल श्रमिक के ग्रेड का वेतन दिलाने की मांग की है। साथ ही नाइट एलाउंस व हीट एलाउंस भी दिए जाने की अपील की है। इस मामले में जल्द ही यूनियन प्रबंधन से मिलेगी।

यूनियन की कार्यकारिणी की सेक्टर 4 कार्यालय में हुई बैठक में बीएसेपी के टीएंडडी विभाग में कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों ने समस्या से अवगत कराया कि अनेक स्टेशनों में लोको चलाने का कार्य ठेके में दिया गया है लेकिन अलग-अलग स्टेशनों में लोको चलने वाले ठेका श्रमिकों को अलग-अलग श्रेणी में रखा गया है । लोको ऑपरेटर श्रमिकों को कुशल श्रमिक के श्रेणी में रखा गया है जबकि लोको ऑपरेटर अति कुशल की श्रेणी में आता है। रेलवे के नियम के अनुसार अति कुशल ठेका श्रमिक ही लोको ऑपरेटर का कार्य कर सकता है। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा एक स्टेशन को राइट्स के द्वारा प्रचालन का ठेका दिया गया है जिसमें लोको ऑपरेटर को अतिकुशल कि श्रेणी में रखा गया है । इसे सुधार कर सभी लोको ऑपरेटर को अति कुशल की श्रेणी में रखा जाए।



### नहीं मिलता रात्रि भत्ता

राइट्स द्वारा लोको प्रचलन करने वाले ठेका श्रमिकों को जिस तरीके से रात्रि भत्ता 100 रूपये प्रतिदिन एवं हिट अलाउंस 70 रुपये प्रतिदिन दिया जाता है इस प्रकार अन्य ठेका के द्वारा लोको प्रचलन के कार्य में भी रात्रि भत्ता एवं हिट अलाउंस दिया जाए। संटिंग ऑपरेटर का कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों को अर्ध कुशल की श्रेणी में रखा गया है । रेलवे के नियम के तहत राइट्स के द्वारा ठेका में संटिंग ऑपरेटर को कुशल श्रमिक की श्रेणी में रखा गया है बीएसपी प्रबंधन द्वारा रेलवे के नियम के तहत सभी लोको प्रचालन के अन्य ठेकों में भी श्रमिकों को इस श्रेणी में रखा जाए। यूनियन के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने कहा कि लोको ऑपरेटर एवं अन्य विषय पर बीएसपी के उच्च प्रबंधन से चर्चा कर काम की प्रकृति अगर एक समान है तो दूसरे ठेके में भी इस कार्य करने वाले श्रमिकों को उसे ग्रेड में रखा जाए एवं उसका वेतन दिया जाए। बैठक में सीपी वर्मा, एके विश्वास, दीनानाथ सिंह, आर दिनेश मनोहर लाल, रिखी लाल साहू ,गुरुदेव साहू ,जसबीर सिंह, संतोष ठाकुर जयराम ध्रुव आदि उपस्थित थे।

## पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने नागरिकों से किया आग्रह

# शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विगत दिनों नगर के पुलिस थाना प्रांगण में डीएसपी नवनीत कौर, टी आई एलपी जायसवाल, नायब तहसीलदार गोविंद सिन्हा व नायब तहसीलदार अम्बर गुप्ता के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक हुई। डीएसपी नवनीत कौर ने होली में शांति बनाए रखने आम जनमानस से सहयोग की अपेक्षा रखते हुए शांति पूर्ण व सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में होली का त्योहार मनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगी हुई है। अतः बिना अनुमति के साउंड सिस्टम बजाना प्रतिबंधित है। पारंपरिक नगाड़ा आदि बजाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शराब के नशे में व तेज गति से वाहन चलाते हुए पाए जाने पर वाहन की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार के अपराध होने पर तुरंत ही पुलिस को सूचना दें, हुड़दंगियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जबरन रंग गुलाल ना लगाएं, अगर कहीं पर शराब पीकर हुड़दंग करते गाली गलौज करते कोई दिखे, तो उसकी सूचना तुरंत ही पुलिस को दें। वहीं, पुलिस की पेट्रोलिंग टीम दिनभर गश्त करेगी। तेज गति से वाहन चलाने व आयल पेंट केमिकल युक्त रंगों के भी प्रतिबंधित होने की बात बताई। समिति के सदस्यों ने नगर के विभिन्न चौराहों पर पुलिस बल तैनात करने का आग्रह किया, जिस पर थाना प्रभारी ने सहमति जताई। उक्त अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

■ डौंडीलोहारा थाने में हुई शांति समिति की बैठक



### एपीएस में धूमधाम से मनाई गई होली



**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल में उत्साहपूर्वक होली पर्व मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के बच्चे शामिल हुए। सभी ने शिक्षकों को गुलाल लगाकर प्रणाम किया। शिक्षकों ने भी बच्चों को बड़े प्यार से होली की बधाई दी। इस अवसर पर श्री राखेचा ने बताया कि हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रहलाद ने भगवान भक्ति के सहारे ईश्वर को प्राप्त किया। साथ ही अभिमान का प्रतीक होलिका को वरदान के बावजूद उन्हें अग्नि में जलना पड़ा। हिरण्यकश्यप का घमंड नाश हुआ, इस दिन लोग दुश्मनी को भी भूलकर एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई देते हैं। इस अवसर पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष नोपचंद जैन, प्रतीक जैन, रवि जैन, दिनेश जैन, मिश्रीलाल जैन, संदीप जैन, प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्य अनिल थॉमस, प्रधानपाठिका श्रीमती नोमसाहू, संदीप नायक, वीके साहू उपस्थित थे।

### धनोरा में आज जलेगी नारियल-नींबू की होली



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग जिले से लगा हुआ एक ऐसा गांव है जहां पर हर साल नारियल, कपड़ा, भेलवा, नींबू से होली जलाया जाता है। दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा ने बताया कि होली के दिन दुर्ग-बोरसी रोड के किनारे नाला के पास बघवा की प्रतिमा है, जहां पर सभी जाते हैं और प्रतिमा स्थली पर पूजा-अर्चना कर नारियल, कपूरी पान, कपूर, मिठाई, फूल-माला, लाल चुनरी, ठंडाई अर्पित कर खुशहाली की कामना करते हैं। मान्यता है कि इस प्रतिमा के नीचे से होकर गुजरने वाले भक्त की सभी परेशानियां समाप्त हो जाती है। फिर वापस लौटकर दरबार एवं होलिका की पूजा-पाठ लक्ष्मण बाबा एवं नंद पंडा, गज्जू रायपुरिया, बबलू साहू, राजू यादव विनोद साहू, गुलाब साहू के द्वारा चकमक पत्थर की चिंगारी से होली जलाया जाता है। फिर सभी भक्तजन पुराने कपड़े, नारियल, नींबू, होली में डाल कर अपने-अपने स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं और घर-परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं। होलिका दहन के बाद श्री राधा कृष्ण फाग एवं सेवा भजन मंडली के गुलाब साहू द्वारा फाग गीत की प्रस्तुति दी जाती है। यह जानकारी दरबार के चंद्रकांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

## भिलाई-चरोदा में राजस्व वसूली को लेकर आयुक्त हुए सख्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के राजस्व विभाग के कर्मियों को आयुक्त डीएस राजपुत ने तलब किया। इस दौरान वार्डवार टैक्स वसूली की समीक्षा करते हुए सख्त निर्देश दिया है। भिलाई-चरोदा निगम कार्यालय में विभागीय कामकाज की समीक्षा करते हुए राजस्व विभाग में कार्यरत एक-एक कर्मचारी से निगम आयुक्त राजपूत द्वारा टैक्स वसुली की जानकारी मांगी। प्रत्येक वार्ड में संपत्ति कर, समेकित कर, भू-भाटक, शिक्षा उपकर, जलकर की राशि वसूल किये जाने सहायक राजस्व निरीक्षकों को दायित्वि प्रदान दिए गए। कर्मचारी सहायक राजस्व अधिकारी के अधीन कार्यरत है और वार्डो में टैक्स वसूली के लिए अधिकृत है। टारगेट के अनुरूप टैक्स वसूली नही हो पाने के कारण निगम आयुक्त द्वारा बैठक में रोष प्रकट किया। शत प्रतिशत टैक्स वसूली कार्य करने विभागीय कर्मचारियों को निर्देश दिया है। बैठक में अनुपस्थित रहे कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। सहायक राजस्व अधिकारी अरूणिमा दुबे, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव समेत सहायक राजस्व निरीक्षक दुष्यंत चतुर्वेदी, अर्जुन पाल, मोहम्मद यासीन, सीताराम चौहान, सरोजनी यदु, संतोष सिन्हा, कन्हैया सोनी, अनिल सिंह, पुरानिक साहू, पदुम देशलहरे, रामचंद निषाद, बसंत वर्मा, दिपक निषाद, बलराम चेलक, लालराम साहू, सृष्टि चन्द्राकर, किरण नायक, रामअवतार साहू शामिल थे।

■ बैठक में अनुपस्थित रहे कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया

## आयुक्त राजपूत ने किया जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जल शोधन संयंत्र उरला का निरीक्षण कर आयुक्त डीएस राजपूत ने दिया तुरंत कार्यवाई करने के निर्देश। नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा वार्ड 30 उरला में स्थापित जल शोधन संयंत्र से क्षेत्र के सभी वार्डो में वाटर सप्लाई का कार्य किया जाता है। यहां स्थापित जल शोधन संयंत्र की क्षमता 27 एम एल डी है। भिलाई-चरोदा निगम आयुक्त डीएस राजपूत द्वारा सघन अभियान के तहत समस्त 40 वार्डो में पेयजल, सफाई व्यवस्था, निर्माण विकास कार्य का औचक निरीक्षण निरंतर किया जा रहा है। उरला स्थित जल शोधन संयंत्र पहुंचे निगम आयुक्त द्वारा पाईप लाईन लिकेज, बंद मोटर संधारण, बेड रिपेयर के साथ ही अशुद्ध जल की निकासी की व्यवस्था करने को कहा है। सिरसा भाटा वार्ड-37 में बने कम्पोस्ट शेड का अवलोकन किये जाने के दौरान शेड परिसर में फैले हुए खाद को बारिश के पानी से बचाने एकत्रित कर सुरक्षित स्थान पर रखे जाने के भी निर्देश निगम आयुक्त ने दिए है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों के अलावा निगम के स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा शामिल थे।

■ भिलाई-चरोदा निगम के 40 वार्डो में पानी सप्लाई होती है

# ये चुनाव किसी जाति, परिवार के लिए नहीं देश के लिए हो रहा : सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जनता पार्टी लोकसभा दुर्ग 2024 भिलाई नगर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन श्री राम वाटिका जोन 1 पोस्ट आफिस के पास खुर्सीपार भिलाई में किया गया। जहाँ मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद प्रत्याशी लोकसभा दुर्ग, राजीव अग्रवाल सह प्रभारी, प्रीतपाल बेलचंदन सह संयोजक लोकसभा दुर्ग, प्रेम प्रकाश पाण्डेय पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सहित अन्य शामिल रहे।

विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज भिलाई नगर विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित सभी को प्रणाम करता हूं। यह कोई व्यक्तिगत लाभ लेने के लिए नहीं बैठें हैं। ये चुनाव किसी जाति के लिए नहीं किसी परिवार के लिए नहीं है ये चुनाव है देश के लिए भारत के पूरे एक सौ चालीस करोड़ जनता का मेरा परिवार है। ये भाव जब होता है, तो एक आत्मिक लगाव होता है। एक सौ चालीस करोड़ जनता का मोदी का परिवार है । तब जाकर मन में ये भाव आता है। देश की ताकत देश का मान और सम्मान फिर से मोदी को लाएं इस मंच से हम सभी को संकल्प लेना है। उनके हाथ को मजबूत करें ये मेरे एक सौ चालीस करोड़ जनता का मेरा परिवार है। आज देश के पच्चीस करोड़ लोगों का ग़रीबी रेखा से ऊपर उठा है। और आप तो सब जानते हैं। मोर कका कौन है सबको ठगा है और राजनांदगांव में भागा हैं। फिर से मोदी जी का एक नारा बन गया है। अब की बार चार सौ पार। भाजपा की 370 और ए डी ऐ की मिलकर 400 पार करके तीसरी बार मोदी सरकार बनना है। यानी हिन्दुस्तान को विश्व गुरु बनने के लिए देश की जनता आतुर है। अब तो हर मंच से एक ही आवाज उठने लगी है। हर कार्यकर्ता मन से कहने लगा है। दुर्ग लोकसभा से छै लाख मतों से विजय होगी। इस अवसर सत्यनारायण अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण प्रेम लाल साहू, बिजेंद्र सिंह महामंत्री जिला भिलाई योगेन्द्र सिंह संयोजक भिलाई विधानसभा के गणपति सहसंयोजक भिलाई विधानसभा भोजराज सिन्हा नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका निगम भिलाई हेमंत खैरवार आदि उपस्थित थे।

■ भारतीय जनता पार्टी लोकसभा दुर्ग भिलाई नगर विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन



## टाउनशिप के कई क्षेत्रों में वाल्व चोरी से जलापूर्ति प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के कुछ सेक्टरों में वाल्व चोरी की घटनाओं के बढ़ने से पेयजला पूर्ति प्रभावित हुई। बीएसपी के पीएचई विभाग द्वारा इन्हें ठीक कर जलापूर्ति बहाल की गई । साथ ही चोरी की जानकारी पुलिस को देकर पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की गई है। बीएसपी के नगर सेवायें विभाग के पी एच ई अनुभाग द्वारा टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों मे जल आपूर्ति में आ रही समस्या का समाधान कर पानी सप्लाई को बहाल किया गया।

18 मार्च की रात को हास्पिटल सेक्टर क्षेत्र में क्वाटर नम्बर डी 36/37 के पास दो वाल्व के सामान को अज्ञात लोगों के द्वारा चोरी कर लिया गया था। इसके बाद पुनः 19 मार्च की रात सेक्टर 9 के सड़क 24 के पीछे वाल्व का सामान चोरी कर लिया गया। इसकी वजह से हस्पिटल सेक्टर व सेक्टर 9 की जल आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। नगर सेवायें विभाग के पी एच ई अनुभाग द्वारा मरम्मत करके तुरंत पानी सप्लाई को बहाल किया गया । 22 मार्च को पुनः सेक्टर 9 क्षेत्र में सेंट्रल एवेन्यू के बाजू में नहर के पास स्थित दो वाल्व एवं सड़क 7 व सड़क 10 के बीच स्थित वाल्व के कवर को चोरी कर लिये जाने की वजह से सेक्टर 9 के कुछ हिस्सो में तथा सेक्टर 8 क्षेत्र की जल आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई थी। यहां भी वाल्व ठीक कर पेय जलापूर्ति बहाल की गई।

### जल आपूर्ति का परिवर्तित समय

टाउनशिप के सेक्टर 9, सड़क 1 से 4 तक जल आपूर्ति का समय अब दिनांक 23 मार्च से अगली सूचना तक सुबह 7 बजे से 8.00 बजे तक होगा। सेक्टर 9 के शेष क्षेत्रें में जल आपूर्ति के समय में कोई बदलाव नहीं होगा। यह जानकारी नगर सेवायें विभाग के पी एच ई अनुभाग के माध्यम से दी जा रही है।

■ पीएचई कर्मचारियों ने मरम्मत कर किया बहाल

## डिसीप्लीनरी प्रोसीडिंग पर कार्यशाला उद्घाटित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएमडीसी में संयंत्र, कार्मिक विभाग और सतर्कता विभाग के विभिन्न अधिकारियों के लिए डिसीप्लीनरी प्रोसीडिंग एंड डोमेस्टिक इंक्वायरी' पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने किया।महाप्रबंधक संजीव कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का महत्व बताया। पवन कुमार ने कहा कि प्रतिभागियों को श्री एस पी एस जग्गी की विशेषज्ञता से लाभ मिलेगा। कार्मिक अनुशासनात्मक मामलों पर संबंधित प्राधिकारियों को सलाह देने के लिए इस विषय पर नवीनतम और अदालती निर्णयों के बारे में खुद को अपडेट रखें। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक अवंती वुचुला ने किया।

■ अपडेट हों प्रतिभागी कार्मिक : पवन

पेज 11 के शेष...

### महादेव सट्टा एप...

अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया गया। **एक आरोपल हत्या के मामले में गिरफ्तार हो चुका था-** इस मामले में पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने प्रेसवार्ता में बताया कि पकड़े गए 6 आरोपियों में से एक आरोपी योगेश कुमार पिता यशवंत कुमार पूर्व में अर्जुन्दा थाना क्षेत्र में एक हत्या के मामले में गिरफ्तार हो चुका था। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से एक नग चाकू, दो मोटरसाइकिल, एक बोलेरो वाहन, 5 नग मोबाइल जब्त किया गया है।

**आरोपियों में ये शामिल-** अपहरण के मामले में गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपी ग्राम गब्दि थाना अर्जुन्दा निवासी मोनू उर्फ प्रशांत खरांशु पिता संतोष, राजनांदगांव निवासी दुर्गेश यादव पिता शत्रुघन यादव, राजनांदगांव निवासी करण सिन्हा पिता लक्ष्मण मोतीपुर, खुरशूल थाना अर्जुन्दा निवासी योगेश कुमार पिता यशवंत कुमार, शंकर पारा वार्ड 7 थाना चिखली राजनांदगांव निवासी दिव्यांशु वैध पिता सालेंद्र वैध, वार्ड 5 परना थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव निवासी विमल कुमार बेलसरिया शामिल हैं।

**अपहरण का मास्टरमाइंड महादेव सट्टा एप में पहले भी हुआ है गिरफ्तार-** जानकारी के अनुसार अपहरण के मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड मोनू उर्फ प्रशांत खरांशु पूर्व में भी दिल्ली नोएडा में महादेव सट्टा एप मामले में गिरफ्तार हो चुका है। महादेव सट्टा एप प्रदेश के अलावा देश भर में काफी चर्चा में है और महादेव एप का तार बालोद जिले से भी जुड़ा हुआ है, इसका खुलासा इस अपहरण मामले से हुआ।

### स्कूली वाहन को...

खुद अर्जुन्दा थाना पहुंचकर सरेंडर कर दिया। **वाहन में क्षमता से अधिक बच्चे-** हांलाकि घटना में हाईवा चालक की लापरवाही है, लेकिन स्कूल संचालक की भी बड़ी लापरवाही सामने आई। जहां एक मैजिक स्कूल वाहन में क्षमता से अधिक 16 बच्चों के साथ मे एक शिक्षिका एवं ड्रायवर इस प्रकार की 18 लोग सवार थे। दावा किया जा रहा है कि इसके पहले कुछ बच्चों को उनके घर छोड़ा गया है, अर्थात छोटे से वाहन मैजिक में 16 से अधिक बच्चो को बैठाया गया था। भले ही शिक्षा विभाग व परिवहन विभाग स्कूली वाहनों की चेकिंग के दावे करते हो लेकिन इस घटना के बाद से शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग के दावों की पोल खुल गई।

**घायलों से मिलने पहुंचे विधायक-** घटना की जानकारी गुण्डरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद को हुई उसके बाद वे तत्काल घायल बच्चों से मुलाकात करने और हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे। जहां शिक्षिका और 6 बच्चों की स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रिफर करने के निर्देश दिये। तो वहीं डॉक्टरों को भी बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिये। पूरे मामले लेकर जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने कहा कि बीईओ से प्रतिवेदन मंगाया गया है जिसके बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### नाले के पास युवक की...

बनाकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। वहीं लाश को देख हत्या की आशंका जताई जा रही है क्योंकि लाश के पास जमीन में घसीटने का निशाना दिखाई दे रहा था है। मामले की जांच की जा रही है, पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक शराब पीने का आदि हो गया था। माना जा रहा है कि अधिक शराब पीने के कारण ही मृतक की ऐसी स्थिति हुई है। पुलिस जांच में पोस्टमार्डम रिपोर्ट में ही स्पष्ट होगी।

### पाररास में 27 को...

मुख्य अतिथि बालोद नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा रहेंगे। अध्यक्षता नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिल यादव करेंगे। विशेष अतिथि पार्षद सतीश यादव, योगराज भारती, नरेन्द्र सांखला, निर्देश पटेल, बिरजू राम ठाकुर, दिप्ती विनोद शर्मा, धनेश्वरी ठाकुर, चमेली धनेश साहू, पद्मनी नन्नू साहू, तुलसा सुनील मालेकर, ज्योती भोलू महाराज, सरोजनी डोमेन्द्र साहू, व समाज सेवक कैलाश बिसाई, चुन्नीलाल साहू, पूर्व पार्षद कसीमुद्दीन कुरैशी मौजूद रहेंगे। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू रहेंगे। अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णकांत पवार करेंगे। विशेष अतिथि पार्षद यज्ञदत्त शर्मा, कमलेश सोनी, मोहन कलिहारी, सुनील जैन, राजू पटेल, लेखन साहिरो, सरोजनी डोमेन्द्र साहू, तहसील साहू, संघ अध्यक्ष मदन लाल सोनबरसा, पूर्व पार्षद संतोष कौशिक, दुध गंगा समिति अध्यक्ष कमलेश गौतम, ग्रामीण साहू संघ पाररास अध्यक्ष युगलकिशोर साहू, पूणानंद यादव, ओमप्रकाश साहू, दुर्जनलाल ठाकुर मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी आयोजक समिति के उपाध्यक्ष श्यामसुन्दर साहू ने दी।

### न्यायालय तहसीलदार, डौण्डी जिला-बालोद (छ.ग.)

**-: उदघोषणा :-**

रा.प्र.क्र. ............अ-21 वर्ष 2023-24
ग्राम- डौण्डी, प.ह.न. 24. तहसील डौण्डी

क्रमांक / 1092/प्र./ तह. / 2024
डौण्डी, दिनांक 13/03/2024

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है. कि कार्यालय कलेक्टर बालोद जिला बालोद (छ.ग.) के ज्ञापन क्रमांक/94/प्र.कले./2024 बालोद, दिनांक 07.03.2024 के अनुसार आवेदक धरमचंद जैन पिता पाबूदान जैन जाति जैन निवासी वार्ड नंबर 25 दल्ली राजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा ग्राम डौण्डी, प.ह.नं. 24 तहसील डौण्डी में आवेदक के नाम पर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 563/2 रकबा 0.04 हे. भूमि को अपने व्यापारिक कार्य हेतु रुपयों की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी व्यक्ति/क्रेता ललिता जैन पिता मांगीलाल जैन जाति जैन निवासी वार्ड नंबर 03 डौण्डी तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) के पास भूमि विक्रय किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय जिला बालोद के समक्ष आवेदन पेश किया गया है जो कि जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति करना हो तो वह अपना लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 15/04/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 13/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ प्रकाशन किया गया।

मुहर

तहसीलदार, डौण्डी
जिला-बालोद (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### परसोदा स्कूल में हुआ न्योता भोज

**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला परसोदा संकुल देवारभाट विकासखंड बालोद में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक बीआर यादव द्वारा अपने 74वें जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों को यह भोज दिया गया। इसमें बच्चों को खीर-पूरी, दाल-चावल, सब्जी परोसा गया। प्रधान पाठक चंद्रकांता रावटे, प्रधान पाठक सपना सिन्हा, शिक्षक टुकेन्द्र कुमार साहू, अरविंद कुमार साहू, पवन कुमार धनकर, कमलकांत रत्न, भारती मानकर व संकुल समन्वयक लालरघुवीर सिंह ठाकुर शामिल हुए।

### जन्मदिन पर बच्चों को दिया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जाटादाह में पदस्थ शिक्षिका पूजा शार्वा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को शाला में न्योता भोज कराया। जिसमें बच्चों को खीर, पूरी, फल परोसा गया। न्योता भोज में श्रीमती तेजेश्वरी दुग्गा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामकुमार दुग्गा, प्रधान पाठक अर्जुन लाल देवांगन, शिक्षक अमित कुमार सिन्हा, डोमार सिंह धलेंद्र, मेघनाथ, रितेश, विमल भुआर्य, वॉरेन फाफरे, श्रीमती नीता रावटे, कांति बाई, नेमिन बाई, पूनम बाई आदि उपस्थित थे।

### बच्चों ने लिया खीर-पूरी का मजा



**गुरूर।** संकुल केन्द्र भानपुरी के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुर्रा के शिक्षकों एवं रसोइयों के द्वारा न्योता भोजन में बच्चों को खीर, पुड़ी एवं भजिया के साथ चावल, दाल परोसा गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक डीएल साहू, शिक्षक डीआर साहू, एलएस साहू तथा तरूण कुमार साहू, खुमेश्वरी साहू, नरेन्द्र साहू उपस्थित थे।

### निधन

**विजय जाजू**



**बालोद।** नगर के प्रतिष्ठित व्यावसायी विजय जाजू 65 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार प्रातः 10 बजे तांदुला मुक्तिधाम में किया गया। वे घनश्याम दास, प्रमोद कुमारके छोटे भाई एवं आकाश जाजू के पिता थे।

# होली को लेकर अंचल में उत्साह चरम पर, रंग-गुलाल व पिचकारियों से सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

दो दिनों बाद होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसे लेकर धार्मिक नगरी दल्लीराजहरा के चौराहों और मुख्य बाजारों में रंग गुलाल पिचकारी की दुकानें सज गई हैं ।होली खेलने वाले लोग अपने-अपने तरीके से रंग गुलाल पिचकारी लेने लगे हैं, हालांकि अब प्राचीन परंपरा के अनुसार होली कम मनाई जाती है हाईटेक आधुनिक तरीके से नए जमाने के हिसाब से रंग गुलाल विक्रय हो रहे हैं। दुकानों पर रंग-गुलाल, सजावटी कैप व पिचकारी की मांग बढ़ गई है। बच्चों में पर्व के प्रति उल्लास देखते ही बन रहा है। दुकानों पर मम्मी-पापा के साथ पहुंच रहे बच्चे पसंदीदा पिचकारी और रंग खरीद रहे हैं। रविवार को होलिका दहन किया जाएगा, जिसके बाद सोमवार को रंगोत्सव मनाया जाएगा। दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में बच्चों में होली को लेकर ज्यादा उत्साह है। रंग व गुलाल बेचने वाले दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजा ली हैं। होली पर्व पर उपयोग में आने वाली मिठाई की बिक्री होने लगी है। वहीं, होली पर्व पर रोटरी क्लब, लायंस क्लब, प्रेस क्लब समिति आदि ने तैयारी आरंभ कर दी है। व्यापार मंडल भी लगातार कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। इसके अलावा सभी संस्थाओं द्वारा फूलों की होली खेले जाने की तैयारी है। उधर मिठाई की दुकानों पर गुझिया और नमकीन की बिक्री भी तेजी से बढ़ी है। हालांकि गत वर्षों के मुकाबले इस बार रंग-गुलाल व मिठाई के दामों में तेजी आई है।

## होलिका दहन आज, कल मनाया जाएगा रंगोत्सव



### बाजार में बुलडोजर, वाटर टैंक सहित टोपी और पगड़ी भी

नया बाजार, पुराना बाजार न्यू बस स्टैंड चौक फव्वारा चौक माइन्स ऑफिस चौक सब्जी बाजार नारायण होटल क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में होली पर सजी दुकानें ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। इस बार बुलडोजर, वाटर टैंक, वजूबा, स्पाइडर मैन की पिचकारियां बच्चों को खूब पसंद आ रही हैं। इसके अलावा डरावने मुखौटे भी दुकानों पर सजे है। दल्लीराजहरा बाजार में होली खेलने को लेकर टोपी, टी-शर्ट, पगड़ी, कुर्ता पायजामा समेत अन्य वस्तुएं भी बहुतायत में उपलब्ध है। हर्बल रंग व गुलाल को लोग पसंद कर रहे है। बाजार में रंग व गुलाल के पैकेट 10 से 50 रुपये तक बिक रहा है।

## लापरवाही : दल्लीराजहरा सहित अंचल में पानी के नाम पर सेहत से खिलवाड़

# धड़ल्ले से बिक रहीं बिना लेबल की पानी बोतल, न जांच न ही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

झरनों की नगरी झरनदल्ली में नामी ब्रांड की आड़ में बिना लेबल की पानी की बोतलें धड़ल्ले से बेची जा रही हैं। दल्लीराजहरा सहित अंचल के ग्रामीण दुकानों, होटलों, बस स्टैण्ड, हास्पिटल अन्य जगहों में इन दिनों बोतलबंद पानी का भरपूर उपयोग किया जा रहा है। इनमें से अधिकतर पानी के बोतलों में न तो बैच नंबर अंकित है न ही मैन्यूफैकचरिंग की तारीख नामी ब्रांडों की आड़ में बिना लेबल लगी बोतलें धड़ल्ले से बेची जा रही है। पाऊच में नलों के पानी भरकर सीलबंद करने का उद्योग पनप रहा है। कुछ महीनों पहले सिंघोला, आमाबाहरा, मंगलतराई, दल्लीराजहरा सहित अंचल के हेण्डपंपों में फ्लोराइड की समस्या उजागर हुई थी।दर्जनों लोगों को अपाहिज बनाने वाले इन हैंडपंपों के पेयजल के शुद्धिकरण के प्रयास अभी जारी हैं। इसके बावजूद पेयजल को लेकर स्थानीय प्रशासन गंभीर नहीं दिखाई दे रहा है। दल्लीराजहरा शहर और अंचल के इलाकों में कुछ अरसे से बोतलबंद पानी का उपयोग भी बढ़ चला है। इसके मुनाफे को आंक कर कुछ कारोबारी अब बिना किसी परीक्षण के प्लास्टिक की खाली बोतलों में नल का पानी भरकर उसे सीलबंद कर रहे हैं। जनस्वास्थ्य के प्रति खिलवाड़ को लेकर स्थानीय एवं जिला प्रशासन का रवैय्या ढीला ढाला होता नजर आ रहा है। अब तक खुलेआम बिक रहे बोतलबंद पानी की किसी भी विभाग के द्वारा कड़ाई से जांच नहीं करवाई जा रही है। नामी ब्रांडों के विज्ञापनों की आड़ में इन पाऊचों को आसानी से खपाया जा रहा हैं। सीलबंद ऐसी बोतलों को खुले कार्टूनों में पैक कर सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा दिया जा रहा है।

### स्वास्थ्य के लिए खतरा



दुकानों में बेची जा रही इन बोतलों तथा पाऊचों में किसी तरह के स्टीकर तक चिपके नहीं दिखाई देते हैं। बिना जानकारी दिए बेचे जा रहे इस पानी के सेवन से स्वास्थ्य के लिए समस्याएं उत्पन्न होने की बात जानकारों ने कही है। दल्लीराजहरा शहर के लगभग सभी छोटे कारोबारियों से लेकर बड़े होटलों, स्कूलों और हास्पिटलों में बोतलबंद व पैकेट बंद पानी की खपत हो रही है। इससे जुड़े कारोबारियों ने बताया कि राजहरा सहित अचल में रोजाना 15000 लीटर से अधिक पैकेजिंग पानी की खपत हो रही है। इसके अलावा शादी विवाह की पार्टियों, सामाजिक धार्मिक तथा राजनैतिक समारोह में इसकी खपत लगभग दोगुनी हो जाती है। बिना आवश्यक जानकारी के बेचे जा रहे ऐसे पेयजलों को चिकित्सक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा मान रहे हैं। मार्च महीने की भीषण गर्मी में विभिन्न लोग नामी कंपनियों के नाम से बंद बोतल में सामान्य पानी बेच रहे हैं, जिसकी जांच किया जाना अति आवश्यक है, ताकि कोई इस तरह की लोगों की जान से खिलवाड़ न कर सके।

### जांच की जाएगी

नगर पालिका की संबंधित टीम को आकस्मिक जांच के लिए निर्देश देंगे। शहर के संपूर्ण क्षेत्र में विभाग की टीम पहुंचकर छापामार कार्रवाई करेगी। गलत पाए जाने पर शासन के नियमानुसार कार्रवाई होगी।


**-शिबू नायर,** अध्यक्ष, नगर पालिका।

### शिकायत पर होगी कार्रवाई

अभी तक कोई शिकायत नहीं आई है। अगर किसी तरह की शिकायत प्राप्त होती है, तो तत्काल प्रभाव से हमारे विभाग के अलावा संबंधित विभाग जांच कर कार्रवाई करेगी। ऐसी गतिविधियों की जानकारी होने पर कोई भी सीधे शिकायत कर सकता है।

**-टीआर ठाकुर,** जिला खाद्य अधिकारी, बालोद।

# गर्मी से बचने की तैयारी बढ़ी कूलर-एसी की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

मार्च माह के अंतिम सप्ताह में भीषण गर्मी ने आम जनों को हलाकान कर दिया है। धूप की तपिश से दोपहर होते ही दल्ली राजहरा सहित आसपास की सड़कें सूनी होने लगी है। वहीं, गर्मी के कारण दल्ली राजहरा शहर में कूलर और एसी की मांग बढ़ने लगी है। लगातार कूलर की मांग बढ़ने से दल्ली राजहरा के बाजारों में विभिन्न प्रकार के कूलर आ गए हैं

दल्लीराजहरा के दुकानदारों ने बताया कि उच्च क्वालिटी के कूलर 4000 रूपए से लेकर 8000 तक उपलब्ध हैं। विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के कूलर दल्ली राजहरा सहित क्षेत्र के बाजारों में उपलब्ध हैं। बाजार में गर्मी से राहत दिलाने वाले कूलर, एसी व खस की पूछ-परख बढ़ गई है। सुबह नौ बजे से ही धूप की तपिश बढ़ने लगी है, जिसका असर बाजार पर दिखने लगा है। लोग गर्मी से बचने के लिए कूलर, एसी का सहारा ले रहे हैं। बाजार में कूलर में लगाने के लिए खस की मांग बढ़ गई है। दल्लीराजहरा के बाजार सहित चिखलाकसा के न्यू मार्केट नयाबाजार में जगह-जगह कूलर के खस बेचने वालों की दुकाने लगी हैं। लोग पुराने हो चुके खस को हटाकर नया खस लगा रहे हैं ताकि गर्मी से निजात मिल सके।

**पुराने कूलरों की मरम्मत-** लोग गर्मी से राहत पाने के लिए घरों के पुराने कूलरों की मरम्मत कराना शुरू कर दिया है। दल्लीराजहरा के खस दुकानदारों ने बताया कि पुराने कूलर की खस बदलने में मजदूरी सहित 300 रुपये खर्च आता है। जड़ी वाली खस की मांग ज्यादा है, लेकिन यह अभी बाजार में उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

# चुनाव तैयारी को लेकर कांग्रेस ने ग्रामीण इलाकों में की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

दुर्ग लोकसभा चुनावी की तैयारी को लेकर कांग्रेस के दुर्ग ग्रामीण के नगपुरा, निकुम, अंडा में बैठक हुई। बैठक में छाया विधायक निर्मल कोसरे, दुर्ग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू शामिल हुए।

बैठक में श्री हरमुख, ने कहा की जिन लोगों ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ काम किया है। इनको लोकसभा चुनाव में सामने रख कर काम न करें। इस चुनाव में हमें स्वयं प्रत्याशी बनकर काम करना है। रिवेंद्र यादव ने कहा कि हमें विधानसभा चुनाव में जो मेहनत करनी थी, वो हम नहीं कर पाए। हमें विपक्षी दल, माइक्रो मेनेजमेंट को लेकर चर्चा करना है। देवेन्द्र देशमुख ने कहा की केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास का लाभ नही दे रही है। श्रीमती पुष्पा यादव ने कहा कि इस चुनाव में कार्यकर्ताओं को दो-दो गांव का प्रभार देना चाहिए। प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि साधारण कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाया है। श्री साहू ने केन्द्र सरकार की नाकामी को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग पुष्पा भुनेश्वर यादव, दुर्ग जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती योगिता चन्दाकर, श्रीमती लक्ष्मी साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, केशव बंटी हरमुख, नंद कुमार सेन, टिकेश्वरी देशमुख, तारकेस्वर चन्द्राकर, चुम्मन देशमुख, दिवाकर गायकवाड़, डा. पिलेश्वर साहू व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### स्कूल में हुआ न्योता भोज



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला चिरईगोड़ी में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। प्रधानपाठक पुशपाल साहू के माता जी के स्व.पार्वती साहू के स्मृति के अवसर पर शा स की य प्राथमिक शाला चिरईगोड़ी में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। स्कूल के बच्चों को भोजन कराया गया। जिसमें शैलेन्द्र मिश्रा, युगल स्नेही धनकर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पेमीन साहू, केशरी साहू, दयालु राम यादव, माधो राम साहू, गोविन्द राम ग्रामवासी उपस्थित थे।

# शासकीय विद्यालय घीना में हुआ न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



शासकीय प्राथमिक शाला घीना में गाँव के प्रतिष्ठित व्यवसायी, समाज सेवी तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष डालचंद जैन के सौजन्य से भव्य न्योता भोज का आयोजन किया गया। मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त बच्चों को पूड़ी हलवा का भोज दिया गया। डालचंद जैन ने कहा कि बच्चों में भगवान के रूप समाहित हैं। बच्चों को भोजन करना अर्थात भगवान को भोग लगाना समान है। ऐसे पुण्य के भागीदारी बनकर अपना भाग्य संवारे। इस दौरान डालचंद जैन, नरेंद्र निषाद, एसएमसी. अध्यक्ष लगन तारम, उच्च माध्यमिक विद्यालय घीना के प्राचार्य एमएल ठाकुर, रूपसिंह रावटे व स्टाफ तथा प्राथमिक शाला घीना के प्रधान पाठक टीएस. साहू एवं स्टाफ तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय घीना के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# अंगना मा शिक्षा व न्योता भोज का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद





पीएम श्री प्राथमिक शाला जगतरा में अंगना मा शिक्षा एवं न्योता भोज का आयोजन किया गया। विद्यालय में पहुंची माताओं के लिए विशेष खेलों का आयोजन किया गया।

शाला के सहायक शिक्षिका एवं जमरुव संकुल के आंगन मा शिक्षा के मास्टर ट्रेनर अन्नपूर्णा मंडावी के मार्गदर्शन में प्राथमिक शाला में अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम के तहत बच्चों की माताएं इस आयोजन उपस्थित हुई। बच्चों की माताओं के खेल भी हुए, जैसे रिंग फंसाओ, नाम बताओ, गोटा संग गणित, सभी खेलों में बच्चों और उनकी माताएं साथ मिलकर खेले।

इस आयोजन को पीएम श्री प्राथमिक शाला जगतरा कक्षा 4 वीं छात्र निखिल कुमार के पिता होमन लाल निषाद के द्वारा न्योता भोजन का आयोजन हुआ। जिसमें प्रधान पाठिका खेमलता ठाकुर, अनुपमा चौबे, संगीता तिवारी, पदमनी साहू अन्नपूर्णा मंडावी, एवं तोरण लाल तथा समस्त छात्र उपस्थित थे।



### उरेटा में शाला प्रबंधन समिति ने कराया न्योता भोज

डौंडीलोहारा। शासकीय प्राथमिक शाला उरेटा में शाला प्रबंधन समिति द्वारा न्यौता भोज कराया गया। यह कार्यक्रम शाला में पहली बार किया गया, जिससे बच्चों में बेहद उत्साह देखा गया। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक बलराम बर्सेल शिक्षिका प्रतिभा सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कुंवर सिंह जामदार, उपाध्यक्ष संगीता मरकाम, सदस्य गंगाबाई पिस्दा, अखिलेश्वरी भुआर्य, प्रेमलता यादव, भारती राणा, रीना राणा, लता राणा, चमेली रावटे, नरोत्तम तामुरिया, बेलस मरकाम आदि सदस्य उपस्थित थे।



### विहिप अध्यक्ष ने की सीएम से मुलाकात

**बालोद।** विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता व जिला मंत्री राज सोनी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिले में चल रहे धर्मांतरण को लेकर जानकारी प्रदान की। श्री गुप्ता ने मुख्यमंत्री श्री साय से मिलकर हिंदू विचारों को लेकर जिला में संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्यो को लेकर विस्तृत चर्चा की व धर्मांतरण व गौ तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान की जानकारी दी। श्री साय ने विहिप के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि धर्मांतरण को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में एक अभियान को लेकर काम कर रहे है। यह आपके संगठन की बड़ी व अहम जिम्मेदारी है कि वो धर्म समाज की मजबूती के लिए काम करता रहे, प्रदेश सरकार भी अवैध धर्मांतरण को रोकने मजबूती से काम कर रहा है। मुख्यमंत्री ने बलराम गुप्ता से कहा 15 मिनट के इस चर्चा के दौरान जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने जिला के अन्य महत्त्वपूर्ण विषयों को भी उठाया व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बालोद जिला में आमंत्रित किया, जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही आगामी कार्यक्रम में वो बालोद जिला में आएंगे।





